करेंट अफेयर्स 28 मई:DRDO अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत का कार्यकाल बढ़ा; ICC ने अमेरिका की लीग क्रिकेट को लिस्ट-A दर्जा दिया

एचआर जगन्नाथ हैवस एयरोटेक इंडिया के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर बने। इंडियन आर्मी और IOCL के बीच हाइड्रोजन समझौता हुआ। वहीं, चुनयिंग चीन की वाइस फॉरेन मिनिस्टर बनीं।

स्पोर्ट्स (SPORTS)

1. ICC ने मेजर लीग क्रिकेट (MLC) को लिस्ट-A का दर्जा दिया: 28 मई को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट (MLC) को लिस्ट-A का दर्जा दे दिया है। यह किसी एसोसिएट देश की आधिकारिक तौर पर लिस्ट-A का दर्जा पाने वाली दूसरी टी-20 लीग बन गई है। एसोसिएट यानी जिन्हें ICC ने टेस्ट क्रिकेट खेलने का दर्जा नहीं दिया।

- MLC से पहले UAE के इंटरनेशनल लीग टी-20 (ILT-20) को लिस्ट-A का दर्जा दिया गया था।
- MLC को नया दर्जा मिलने के बाद इसे अब एक आधिकारिक टी-20 लीग के रूप में मान्यता मिलेगी।
- लीग का दूसरा सीजन इस साल टी-20 वर्ल्ड कप के बाद 5 जुलाई से खेला जाएगा।
- MLC का पहला सीजन 13 से 31 जुलाई 2023 तक खेला गया था।
- पहले सीजन में 15 ग्रुप-स्टेज और चार प्लेऑफ मैच हुए थे।
- निकोलस पूरन की कप्तानी में MI न्यूयॉर्क पहले सीजन का चैंपियन बना था।

नियुक्ति (APPOINTMENT)

2. एचआर जगन्नाथ हैवस एयरोटेक इंडिया के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर बने: 28 मई को सत्यसाई ग्रुप की हैवस एयरोटेक इंडिया लिमिटेड ने एचआर जगन्नाथ को बोर्ड ऑफ डायरेक्टर नियुक्त किया। इससे पहले जगन्नाथ एयर इंडिया इंजीनियरिंग सर्विसेज लिमिटेड (AIESL) में सीईओ थे।

- भारत में MRO सुविधाओं की स्थापना में जगन्नाथ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।
- उन्होंने भारत सरकार के लिए दो स्पेशल विमानों की डिलीवरी का नेतृत्व किया।
- जगन्नाथ ने 60 साल पुराने बोइंग 707 विमान की जांच की, जिसे उनके नेतृत्व ने उड़ने लायक बनाया।
- हैवस एयरोटेक इंडिया बोइंग और एयरबस विमानों के लिए MRO सुविधा देता है।
- अंशुल भार्गव हैवस एयरोटेक इंडिया के सीएमडी और सत्यसाई ग्रुप के को-फाउंडर हैं।

3. DRDO अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत का कार्यकाल बढ़ा: 27 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली चयन कमेटी की बैठक में डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (DRDO) के अध्यक्ष डॉ. समीर वेंकटपति कामत का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया गया। वह 31 मई 2025 तक अपने पद पर कार्यरत रहेंगे।

- डॉ. समीर वी कामत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के वैज्ञानिक सलाहकार भी हैं।
- डॉ. समीर वी कामत को पूर्व अध्यक्ष जी. सतीश रेड्डी की जगह नियुक्त किया गया था।
- इससे पहले डॉ. समीर DRDO के नेवल सिस्टम एंड मटेरियल्स प्रभाग में डायरेक्टर जनरल थे।
- डॉ. कामत ने 1985 में IIT खड़गपुर से धातुकर्म इंजीनियरिंग में B.Tech ऑनर्स की डिग्री हासिल की थी।

डिफेंस (DEFENCE)

4. इंडियन आर्मी और IOCL के बीच हाइड्रोजन समझौता: 27 मई को नई दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक परिसर में इंडियन आर्मी ने सेना में ग्रीन और सस्टेनेबल ट्रांसपोर्ट के लिए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IOCL) के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत IOCL ने इंडियन आर्मी को एक हाइड्रोजन फ्यूल सेल बस दी।

- इंडियन आर्मी को हाइड्रोजन फ्यूल से चलने वाली पहली बस मिली।

www.examsbuddy.in | www.examsbuddy.in

Follow Us on: WhatsApp | Telegram | Facebook | YouTube

- इस समझौते के मुताबिक आर्मी को 15 हाइड्रोजन बसें मिलेगीं।
- इस बस में कुल 37 यात्रियों के बैठने की कैपेसिटी है।
- 30 किलो फ्यूल कैपेसिटी के साथ यह बस 300 किमी तक माइलेज देती है।
- हाइड्रोजन समझौते के तहत लेह-लद्दाख के चुशूल में हाइड्रोजन एनर्जी को लेकर पायलट प्रोजेक्ट भी स्थापित किया जा रहा है।

इंटरनेशनल (INTERNATIONAL)

5. चुनयिंग चीन की वाइस फॉरेन मिनिस्टर बनीं: 27 मई को चीन की सरकार ने असिस्टेंट फॉरेन मिनिस्टर 'हुआ चुनयिंग' को वाइस फॉरेन मिनिस्टर नियुक्त किया। चीन के विदेश मंत्रालय में 5 वाइस मिनिस्टर होते हैं। चुनयिंग इनमें शामिल इकलौती महिला हैं।

- 2021 में उन्हें असिस्टेंट फॉरेन मिनिस्टर और मंत्रालय के प्रेस विभाग के डायरेक्टर जनरल का पद सौंपा गया था।
- 2012 में चुनयिंग को फॉरेन मिनिस्ट्री की स्पोक्सपर्सन नियुक्त किया गया था।
- उन्होंने ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ के चीनी मिशन में भी काम किया था।
- 2010 में यूरोपीय मामलों के विभाग में काउंसलर के तौर पर काम किया।
- हुआ चुनयिंग 1992 में पहली बार फॉरेन मिनिस्ट्री में शामिल हुई थीं।

आज का इतिहास (TODAY'S HISTORY)

28 मई का इतिहास: 1959 में आज के दिन ही अमेरिकी स्पेस एजेंसी NASA ने एबल और बेकर नाम के दो बंदरों को स्पेस में भेजा था। ये पहले बंदर थे, जो जिंदा लौटे थे। दोनों स्पेस में 483 किमी की ऊंचाई तक गए और करीब 9 मिनट तक वहां रहे थे।

- 2008 में नेपाल में 240 साल पुरानी राजशाही खत्म हुई थी।
- 1996 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने पद से इस्तीफा दिया था।
- 1989 में मारथाकवली डेविड भारत की पहली और विश्व की दूसरी महिला ईसाई पादरी बनी थीं।
- 1964 में बॉलीवुड के मशहूर फिल्म डायरेक्टर और प्रोड्यूसर महबूब खान का निधन हुआ था।
- 1952 में भारत के पहले लोकपाल पिनाकी चंद्र घोष का जन्म हुआ था।
- 1908 में जासूसी उपन्यास जेम्स बॉन्ड के लेखक इयान फ्लेमिंग का जन्म हुआ था।